बिहार में पम्प सेट घोटाले की जांच

3245. **श्री अशोक नाथ वर्मा :**
डा. बापू कालदाते :

क्या कृषि मंत्री 7 अगस्त, 1987 को राज्य भाषा में अतारांकित प्रश्न 1423, 1424, 1425, और 1426 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार में पम्प सेट घोटाले की जांच सी. बी. आई. द्वारा पूरी हो गई है और जांच का अन्तिम प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है; अब तक के प्रतिवेदन के आधार पर जिन बैंक अधिकारियों और बाहरी व्यक्तियों को दोषी पाया गया हैं; उनके नाम और पते क्या हैं ; उन सबके विरूद्ध की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ;

(ख) बिहार सरकार के दोषी अधिकारियों के विरुद्ध केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच न कराये जाने के क्या कारण हैं क्या इस संबंध में बिहार सरकार के साथ कोई पत्राचार हुआ है और यदि हां, तो कब ;

(ग) क्या बिहार के सभी जिलों के सभी बैंकों की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा की गई है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(घ) केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा भूमि विकास बैंक, बिहार द्वारा किए गए घोटाले की जांच न कराये जाने के क्या कारण है ?

कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी): (क) केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सी० बी आई) की जांच पूरी हो चुकी है और मामलों के आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल दिए गए हैं । ये मामले न्यायालय में विचारण के लिए लम्बित हैं ।

(ख) केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने बैंक अधिकारियों और विक्रेताओं सहित इन मामलों में शामिल राज्य सरकार के अधिकारियों के विरुद्ध जांच की थी । इस संबंध में केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा बिहार सरकार के साथ कोई पत्र व्यवहार नहीं किया गया है ।

(ग) केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने बिहार के सभी जिलों के सभी बैंकों की जांच नहीं की थी क्योंकि रजिस्टर किए गए और केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच किए गए मामलों में बिहार के सभी जिलों के सभी बैंक अन्तर्ग्रस्त नहीं पाए गए थे।

(घ) बिहार का भूमि विकास बैंक, बिहार सरकार की संस्था है । यह केन्द्रीय जांच ब्यूरो के अधिकार-क्षेत्र मे नहीं आता है।

बिहार में पम्प सेट घोटाले में अन्तर्गत अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही

3246. **श्री अशोक नाथ वर्मा :**
डा. बापू कालदाते :

क्या कृषि मंत्री 7 अगस्त, 1988 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न सं. 1423, 1424, 1425, 1426 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस मामले में कार्यवाही करने के लिए बिहार सरकार को अब तक कितने पत्र और किस-किस तिथि को लिखे गए और दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ;

(ख) "नैबार्ड" द्वारा भूमि विकास बैंक, बिहार सहित किन बैंकों के घोटाले की जांच की गई और जांच का प्रतिवेदन केन्द्र सरकार और बिहार सरकार को कब दिया गया और उस जांच प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ;

(ग) सभी बैंक के दोषी अधिकारियों के नाम पते और पद क्या हैं; और

(घ) जिन आपूर्ति कर्ताओं को दोषी पाया गया, उनके विरुद्ध की गई कार्यवाही